गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, गाजियाबाद।

पत्रांक : 486 /4/ई0ई0जोन–4/2019–20 दिनांक:– 19.9.19

निविदा आमंत्रण सूचना

उपाध्यक्ष, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की ओर से सपठित उल्लेखित नियम व शर्तो के अन्तर्गत निम्न कार्य की मुहरबन्द निविदा कार्य के सम्मुख अंकित दिनांक को आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र प्राधिकरण मुख्यालय मे स्थित विजया बैंक जी0डी0ए0 परिसर से अपरान्ह 3:00 बजे तक कार्य के सम्मुख अंकित दिनांक तक कार्य दिवस में क्रय किये जा सकेंगे। निविदा अधिशासी अभियन्ता कार्यालय मे रखे निविदा बाक्स में निम्नानुसार उक्त दिनांक को अपरान्ह 12:00 बजे तक डाली जा सकती है। प्राप्त सभी निविदाएं उसी दिनांक को ही अपरान्ह 4:00 बजे उपस्थित ठेकेदारों/फर्मो के समक्ष (यदि उपस्थित हो) खोली जायेगी।

क0 सं0	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रू0 लाख मे)	निविदा मूल्य (रू0 में)	धरोहर राशि (रू0 लाख में)	कार्य की अवधि	जोन का नाम	निविदा विक्रय की अवधि	निविदा आमंत्रण दिनांक
1	प्रताप विहार, सेक्टर–11, ए–ब्लॉक सामुदायिक केन्द्र की मरम्मत का कार्य।	2.03	1121.00	5,000.00	2 माह	4	26.09.19 से 30.09.19	03.10.19

नियम व शर्ते :–

1– निविदा प्रपत्र प्राधिकरण की वैबसाइट **www.gdaghaziabad.com** पर देखा/डाउनलोड किया जा सकता है। इस प्रकार डाउनलोड किये गये निविदा प्रपत्र का उपयोग कर निविदा डालने पर निविदादाता द्वारा निविदा प्रपत्र के साथ निविदा मूल्य का बैंक ड्राफ्ट/पे आर्डर (नॉन–रिफण्डेबल) जो कि गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के पक्ष में गाजियाबाद स्थित बैंक शाखा में भुगतान योग्य हो तथा धरोहर राशि की एफ0डी0आर0 संलग्न किया जाना अनिवार्य है। निविदा मूल्य का बैंक ड्राफ्ट/पे आर्डर तथा धरोहर राशि की एफ0डी0आर0 निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न न होने की स्थिति में निविदा अस्वीकार कर दी जायेगी।

2– निविदादाता को किसी भी सरकारी/अर्द्धसरकारी संस्था में ठेकेदारी हेतु पंजीकृत होना आवश्यक है, जिसका सत्यापित प्रमाण पत्र संलग्न किया जाना होगा।

3– निविदा विक्रय के अंतिम दिवस तथा निविदा आमंत्रण के दिनांक को अवकाश की दशा में निविदा अगले कार्य दिवस को विक्रय/खोली जायेगी।

4– निविदा प्रपत्र और बैंक में बिक्री के लिए दिनांक 26.09.19 से 30.09.19 तक उपलब्ध रहेंगे।

5– वैबसाइट से डाउनलोड कर प्राप्त किये गये निविदा प्रपत्र और बैंक में बिक्री के लिए उपलब्ध निविदा प्रपत्र में यदि कोई भिन्नता हो, तो बैंक में उपलब्ध निविदा प्रपत्र ही मान्य होंगे।

6– निविदा स्वीकृति उपरान्त अनुबंध की औपचारिकतायें एक सप्ताह के अन्दर पूर्ण करनी होगी।

7– धरोहर राशि की एफ0डी0आर0 प्रस्तुत करने के उपरान्त ही बैंक के कैश काउन्टर/कार्यालय से निविदा निर्गत की जायेगी। एफ0डी0आर0 अधिशासी अभियन्ता, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के पक्ष में बन्धक होगी।

19/9/19

(मानवेन्द्र कुमार सिंह)
अधिशासी अभियन्ता, जोन–4

Scanned with CamScanner